बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 376151 पटना, दिनांक 22-06-2018

ग्रा.वि.-1स्था0(विविध)-13/2018

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी,
सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी, बिहार ।

विषय:- **CFMS User Creation हेतु KYU संबंधी डाटा उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

प्रसंग:- विभागीय पत्रांक 371525 दिनांक 25.05.2018, 372131 दिनांक 30.05.2018, 374598 दिनांक 13.06.2018 एवं 374807 दिनांक 15.06.2018 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण वित्तीय कार्यो को ऑनलाईन करने हेतु दिनांक 01.04.2018 से **CFMS** प्रणाली लागू किया गया है । इस संदर्भ में वित्त विभागीय पत्रांक 1671 दिनांक 06.03.2018 एवं 2731 दिनांक 03.04.2018 के आलोक में ग्रामीण विकास विभाग के CFMS अंतर्गत सभी उप विकास आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी का Office Create किया जाना है । Office Create नहीं होने की स्थिति में किसी प्रकार का वित्तीय संव्यवहार संबंधित कोषागार से नहीं हो सकेगा, जिससे वेतन एवं अन्य भुगतान भी बाधित रहेगा ।

ग्रामीण विकास विभाग के CFMS अंतर्गत सभी उप विकास आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी का Office Create करेन हेतु प्रासंगिक विभागीय पत्रों द्वारा सभी उप विकास आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी का **CFMS User Creation Form** में **KYU** संबंधी डाटा उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था, पर अधिकांश जिलों से इस संबंध में डाटा अप्राप्त है, जिससे आवंटन उपलब्ध कराने में कठिनाई आ रही है । विभागीय पत्रांक 374807 दिनांक 15.06.2018 द्वारा आपको भी उक्त स्थिति से अवगत कराया गया है ।

अत: इस विषय पर अपने स्तर से Follow-up करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को **CFMS User Creation Form** में **KYU** संबंधी डाटा विभाग को तुरंत उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया जाय । अद्यतन प्राप्त **KYU** की स्थिति संलग्न है ।

विश्वासभाजन

21/6/18

(अरविन्द कुमार चौधरी)
सचिव

ज्ञापांक 376151 पटना, दिनांक 22-06-2018

प्रतिलिपि:- सभी उप विकास आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21/6/18

सचिव